### न्यायालय जिला न्यायाधीश उदयपुर ( राज. )

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु प्रार्थना पत्र

प्रकरण संख्या:61/2021/मु.दी.38

श्रीमती सरोज पत्नी स्व. श्री भंवर लाल पटेल निवासी बिछीवाडा तहसील झाडोल, उदयपुर

........ प्रार्थीया

बनाम

सर्व साधारण व अन्य

........ अप्रार्थीगण

मृतक स्व.श्री भंवर लाल जी पिता श्री डुंगा जी पटेल निवासी बिछीवाडा, फलासिया तहसील झाडोल जिला उदयपुर की प्रतिभूति के सम्बन्ध में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम धारा 1925 धारा 372 के अन्तर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र दिलाने हेतु प्रार्थना पत्र ।

वास्ते :- सर्वसाधारण

उक्त नामांकित/ प्रार्थी/प्रार्थीगण ने मृतक स्व. भंवर लाल पटेल के नाम ऋण और प्रतिभूति की राशि हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अन्तर्गत इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

सूचित रहे कि उक्त मामले की सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 29.01.2025 समय 10.00ए.एम.नियत की गयी है।

अत : सभी संबंधित व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थना पत्र के खिलाफ अगर कोई आपत्ति रखता है तो उक्त दिनांक को कारण प्रस्तुत करें।

अनुपस्थिति की स्थिति में मामले में एक पक्षीय कार्यवाही व सुनवाई की जाकर उसके अनुसार आदेश पारित किया जायेगा।

नोट:-प्रार्थी ने मृतक के एस.बी.आई.शाखा झाडोल की बीमा पॉलिसी संख्या 35041881104 की राशि 1,00,000/- एवं पी.एण्ड एफ.वेल्फेयर एकाउण्ट की 6,97,965/- लगभग एवं ग्रेच्युटी एवं अन्य परिलाभ की राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है। मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से दिनांक 23.01.2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से

(मुहर) वरिष्ठ मुन्सरीम जिला एवं सेशन न्यायालय उदयपुर


# महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर नारायण सेवा संस्थान 25 हजार को कम्बल बांटेगा

**उदयपुर,** ।अत्यन्त पवित्र एवं कल्याणकारी दान-पुण्यार्जन पर्व मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयागराज में उदयपुर राजस्थान के प्रतिष्ठित एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा महाकुम्भ में 1 लाख लोगों को भण्डारा एवं 25 हजार जरूरतमंद एवं संतों को कम्बल वितरण का संकल्प रखा है।

- **तीर्थराज प्रयागराज में उदयपुर राजस्थान के प्रतिष्ठित एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा महाकुम्भ में 1 लाख लोगों को भण्डारा भी करेगा**



**नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल प्रयागराज में बांटेंगे कम्बल।**

नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं हिन्दू धर्म की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रयागराज में नारायण सेवा संस्थान द्वारा 80 हजार वर्ग फिट पर अस्थाई भव्य पंडाल बनाया गया है। जिसमें भोजन भण्डारा, वस्त्र वितरण, आवास एवं दिव्यांग सेवा के विभिन्न प्रकल्प संचालित हो रहे है। संस्थान लाखों लोगों को सुबह से शाम तक निःशुल्क भण्डारा, कम्बल वितरण के साथ दिव्यांगजनों को सशक्त कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क हादसों, बीमारी या करंट जैसी दुर्घटनाओं में अपाहिज हुए दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला एवं फिजियोथेरेपी सेन्टर संचालित कर सैकड़ों दिव्यांगों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान यह कुम्भ दिव्यांग सशक्तिकरण महाकुंभ के रूप में मना रहा है।

उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के अवसर पर संस्थान अमृत स्नान के साथ दिव्यांग, अनाथ एवं कुम्भ के यात्रियों के लिए 1 लाख श्रद्धालुओं का भंडारा व 25 हजार कम्बल वितरण कर मोक्षदायी पुण्यदायी मौनी अमावस्या महापर्व मनायेगा। साथ ही अमृत स्नान के उत्सुक संस्थान सदस्य एवं दिव्यांगों को यह पुण्य लाभ भी प्रदान करेगा।

# कैंसर जागरूक सप्ताह का आयोजन



**गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग उदयपुर में सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस वीक 2025 का आयोजन गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग की ओर से किया गया ।**

**उदयपुर।** गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग उदयपुर में सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस वीक 2025 का आयोजन गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रोफेसर (डॉ.) विजया अजमेरा गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में प्रोफेसर (डॉ.) योगेश्वर पुरी गोस्वामी, प्रिंसिपल प्रोफेसर दिनेश कुमार शर्मा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर कमलेश जोशी , समस्त विभाग अध्यक्ष , फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता एवं शुरुआती पहचान पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य शिक्षा आंगनवाड़ी सेंटर रोशन नगर सवीना में प्रस्तुत की गई जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया अगले चरण में कार्यक्रम के तीसरे दिन नेशनल वेबीनार "टुगेदर अगेंस्ट सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस प्रीवेंशन एंड अर्ली डिक्टेशन" का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया नेशनल वेबीनार के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर की जानकारी पर आधारित विभिन्न विशेषज्ञ सत्र डॉ रमेश पुरोहित सीनियर कंसल्टेंट ऑंकोलॉजी विभाग गीतांजलि हॉस्पिटल उदयपुर डीन डॉ. विजया अजमेरा, एसोसिएट प्रोफेसर ब्रिसी बाबू, असिस्टेंट प्रोफेसर एंजेल अलीना वर्गीस, लेक्चरर दिव्या चौधरी, शीतल स्वर्णकार, विकास कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत किया गया पोस्टर प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन गायनिक ओपीडी गीतांजलि हॉस्पिटल उदयपुर में किया गया। अंत में समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के कल्पेश प्रजापत, जयश्री चौधरी, राधे गुलाब ओझा, आंचल पटेल एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रेवती सीरवी द्वितीय लक्षिता सोनीगरा आदि छात्र छात्राओं को परितोषित प्रदान किए गए कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग के गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया


### आम सूचना

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि मेरी कार्यार्थीया श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री हस्तीमल बोहरा निवासी शैल कॉलोनी रोड़, भिक्षु विहार, चेम्बुर, मुम्बई हॉल महावीर नगर 100 फिट रोड़, राजसमन्द तहसील व जिला राजसमन्द का एक आवासीय भुखण्ड संख्या23,जिसका नाप2300 वर्ग फिट, जो राजस्व ग्राम जावद तहसील व जिला राजसमन्द में स्थित स्थित है। उक्त भुखण्ड का पट्टा संख्या 1102 दिंनाक 29.03.2004 को नगर पालिका राजसमन्द द्वारा श्रीमती कृष्णा कुँवर पत्नी श्री सुरेन्द्रसिंह राठौड़ निवासी आगरिया के पक्ष में जारी किया गया था, उक्त असल पट्टा उप पंजीयक कार्यालय राजसमन्द में दिनाक 31.03.2004 पुस्तक संख्या 01, जिल्द संख्या 184, क्रम पेज संख्या 109, संख्या 2004000514 पर पंजीबद्ध किया गया है, जो असल पट्टा कहीं गुम हो गया था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दिनांक 27.1.2025 को पुलिस थाना राजनगर में मेरी कार्यार्थीया श्रीमती कमला देवी के पुत्र श्री अरूण हस्तीमल बोहरा पिता श्री हस्तीमल बी. बोहरा, जाति जैन द्वारा दर्ज करायी गयी थी जिसकी गुमशुगदी रिपोर्ट नं. 10/25 पर दर्ज है। अत: उक्त गूम हुआ असल पट्टा संख्या 1102 दिनांक 29. 03.2004 पंजीकृत पट्टा विलेख दिनांक 31.03.2004 यदि किसी भी व्यक्ति को मिले तो, मुझे अथवा मेरी कार्यार्थीया को अविलम्ब लौटा देवे तथा उक्त दस्तावेज का कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग नहीं करे।

**प्रवीण देवपुरा, एडवोकेट**
सुन्दर कॉलोनी, कांकरोली
दिनांक:28.01.2025 मो.9414264115


## एक गिरफ्तार

**बांसवाड़ा** । घाटोल थाना पुलिस ने फाइनेंसकर्मी से लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है वहीं विधि से संघर्षरत बालक को डिटेन किया है। गत 25 जनवरी को जनक पुत्र नंदलाल मेहता निवासी देवलिया ने रिपोर्ट दी कि वह महिन्द्रा फाइनेंस में सेल्स एक्ज़ीक्युटिव के पद पर कार्य करता है। गत 30 दिसम्बर की रात को लगभग 9 बजे वह अपने घाटोल कार्यालय से वापस मोटरसाइकिल पर बांसवाड़ा आ रहा था कि उदपुरा के पास तीन लोग एक मोटरसाइकिल पर आये और प्रार्थी को धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट करते हुए 1 हजार रुपये एवं कीमती सामान छीनकर भाग निकले।

# स्वच्छता के संकल्प को हर हाल में स्वीकार करना होगा : के के गुप्ता



के.के. गुप्ता

**उदयपुर/झुंझुनूं।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा बार-बार स्वच्छता को लेकर संदेश दे रहे हैं। सभी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक और नैतिक दायित्व बनता है कि स्वच्छता के संकल्प को हर हाल में साकार करना होगा। स्वच्छता के दम पर ही हम एक विकसित भारत और विकसित राजस्थान की संकल्पना देख सकते हैं जो धरातल पर लागू करनी होगी। यह वक्तव्य स्वच्छ भारत मिशन ठाामीण राजस्थान सरकार में प्रदेश समन्वयक और शेखावाटी अंचल की नगर परिषद झुंझुनूं तथा नगर पालिका नवलगढ़ और मंडावा के न्याय मित्र श्री के के गुप्ता ने व्यक्त किया है। गुप्ता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय और माननीय मुख्यमंत्री महोदय के बहुत बड़े विजन स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों के प्रति लापरवाही रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करने संबंधी अनुशंसा माननीय न्यायालय को की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को इस मिशन को हल्के में लेने की गलतफहमी में नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें समय-समय पर मिलने वाले निर्देश अनुसार स्वच्छता कार्यों को प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखते हुए कार्य करने होंगे। स्वच्छता कार्य सिर्फ निरीक्षण के दौरान अच्छा दिखाने के लिए नहीं बल्कि सभी 365 दिन स्वच्छ भारत मिशन के सभी मापदंड और घटक पर कार्य होना सुनिश्चित किया जाए।

उल्लेखनीय है कि श्री गुप्ता को निकायों झुंझुनू, नवलगढ़ और मंडावा के लिए न्याय मित्र की जिम्मेदारी माननीय जिला एवं लोक अदालत झुंझुनू द्वारा प्रदान की गई है। न्याय मित्र गुप्ता द्वारा आयुक्त नगर परिषद झुंझुनूं और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नवलगढ़ तथा मंडावा को पत्र लिखकर निर्देश देते हुए बताया गया है कि प्राय: देखा गया है कि जब-जब मेरा निरीक्षण होता है, संबंधित निकाय सफाई की अच्छी व्यवस्था कर देती है तत्पश्चात उसे पर ध्यान नहीं दिया जाता है। आपको सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यों पर कठोरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। उपरोक्त कार्य की जीपीएस से मॉनिटरिंग की जानी चाहिए तथा प्रतिदिन उसकी सीट निकालना आवश्यक है। गुप्ता ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को स्वच्छता से संबंधित कोई भी शिकायत हो तो अपनी शिकायत मय फोटोठााफ के व्हाट्सएप नंबर 9783306607 पर प्रेषित करें, जिससे संबंधित अधिकारी को पाबंद किया जा सके।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**बांसवाड़ा** । माही माहेत्सव के अन्तर्गत मंगलवार मटका दौड़, रस्सा कस्सी तथा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी धनेश्वर मईड़ा ने खेल परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि मटका दौड़ में पंचायत समिति अरथुना की श्रीमती सीमा पटेल प्रथम, पंचायत समिति बांसवाड़ा की श्रीमती कृपा द्वितीय रहीं। इसी प्रकार रस्सा-कस्सी के पुरूष वर्ग में पंचायत समिति सज्जनगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पंचायत समिति तलवाड़ा की टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं महिला वर्ग की रस्सा-कस्सी में पंचायत समिति बांसवाड़ा की टीम प्रथम और पंचायत समिति छोटीसरवन की टीम द्वितीय रही।


### कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )

Email: np_ntd@yahoo.in | Ph. 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2024/15987 | दिनांक : 22.01.2024

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टाशुद्धा के आधार पर भूखण्डों कानामान्तरण/नामहस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्य था प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणो में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती निर्मला कुंवर पत्नि श्री गोवर्धन सिंह, निवासी नान्दोडा, बडारडा जिला-राजसमंद | भूखण्ड संख्या 38, क्षैत्रफल-1365 वर्गफिट, महावीर कॉलोनी, लाल बाग, नाथद्वारा | कृषि भूमि | 30 फीट रोड | कृषि भूमि | भूखण्ड संख्या 39 |

आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा

### कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला -राजसमन्द ( राज. )

क्रमांक/न.पा.ना./69 क/2024/16384 | दिनांक : 28/01/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/ पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पटटे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप | पडौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्री शंकर लाल पिता मांगीलाल जैन | महावीरपुर,नाथद्वारा भूखण्ड क्षे.598.17 वर्गफिट | श्री रोशन लाल जी पोरवाल का मकान | गली | जैन समाज पंचायत भवन | आम रास्ता |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


## दोनों नर्सिंग अधिकारी निलंबित

**बांसवाड़ा** जिले के पालोदा सरकारी अस्पताल में नर्सिंग अधिकारियों द्वारा चिकित्सा अधिकारी को बंदूक दिखाने एवं धमकाने के मामले में पहले पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया उसके बाद सरकार ने कड़ा एक्शन लेते हुए दोनों नर्सिंग अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। 13 दिसंबर को अस्पताल परिसर में बंदूक लेकर चिकित्सा अधिकारी को धमकाने हेतु घुसे थे आरोपी घटना बांसवाड़ा जिले के पालोदा सरकारी अस्पताल की है। आरोपी नर्सिंग अधिकारीयो ने 12 दिसंबर को चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल की ही धर्मशाला के कमरे में पहले बंधक बनाया,गाली गलौज की एवं जान से मारने की धमकी दी तब अन्य अस्पताल स्टाफ ने बीच बचाव कर चिकित्सा अधिकारी को उनकी कैद से आजाद करवाया एवं उसके अगले दिन 13 दिसंबर को पुनः धमकाने के उद्देश्य से बंदूक लेकर अस्पताल परिसर में घुसे।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान, (SEIAA) EC Identifiation no EC 24C 0108RJ5262573N राज्य स्तरीय पर्यावरण के File क्रं. RJ / 24/ SEAC4 MIN / R.E.C./ 0060 / Cat_B (2) Jaipur Dated: 22-1-1925 के द्वारा श्रीमती अनिता शर्मा पत्नी श्री अरुण कुमार शर्मा निकट गांव भरकुण्डी त. धरियावद जिला प्रतापगढ में स्थित खनन पट्टा ( एम.एल. नं. 323/1990) वास्ते खनिज लाईम स्टोन क्षैत्रफल 1 हैक्टर के लिए जिला स्तरीय कमेटी के द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुनः मूल्याकंन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी (SEIAA) के द्वारा करवा लिया है इस स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय व वेबसाईट www.environment.rajasthan.gov.in एवं MOEF की वेबसाईट parivesh.nic.in पर देखा जा सकता है। **अनिता शर्मा**


## वीना सिंघवी अध्यक्ष मनोनीत

**उदयपुर** । हिरणमगरी से.11 स्थित महावीर भवन में प्रभा बहू मंडल का शपथ ग्रहण समारोह एवं 18वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें वीना सिंघवी को अध्यक्ष, शिल्पा लोढ़ा को सचिव, हेमलता बापना को उपाध्यक्ष व रेखा बाबेल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सुशीला कच्छारा ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत में खुशबु सामर एवं दीपिका सिंघवी द्वारा मंगला चरण प्रस्तुत किया गया। धर्म के प्रति किये गये कायो के लिए मंजू सेठ का विशेष सम्मान किया गया।

## बीस करोड़ की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त

**उदयपुर,** (का.स.)। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने मंगलवार को मनवाखेड़ा में नगर विकास प्रन्यास के नाम दर्ज सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से बनाई गई 10 पक्की दुकानों को ध्वस्त कर दिया।प्राधिकरण की टीम ने राजस्व ग्राम नेला में भी सरकारी जमीन पर हुए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाए। अवैध निर्माण ध्वस्त कर करीब 20 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कर ली। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि राजस्व ग्राम मनवाखेड़ा के आराजी नंबर 1657 की सरकारी जमीन पर कब्जा कर अमरलाल, लालुराम, मोडीराम पुत्र उदयलाल डांगी, प्रेमचन्द्र, रामलाल, देवीलाल पुत्र गोकुल डांगी, तोलाराम, नारायण पुत्र मोडा डांगी, शिवलाल, मोहनलाल पुत्र मोतीलाल डांगी ने 10 पक्की दुकानें बना दी। इनको ध्वस्त किया गया। यूडीए आयुक्त ने बताया कि लीला देवी पत्नी अमृतलाल ने राजस्व ग्राम नेला के आराजी संख्या 2130, 2132, 2133 नंबर की करीब पांच बीघा जमीन पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा था।


### AU SMALL FINANCE BANK — शाखा के पते में परिवर्तन के लिए सार्वजनिक सूचना

सामान्य जन तथा एयू स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड (फिनकेयर यूनिट) के ग्राहकों को यह जानकारी दी जाती है कि निम्न शाखाओं के पते में परिवर्तन होगा। शाखा में वर्तमान में चल रहे सभी अकाउन्ट्स/ट्रांजेक्शन वहीं रहेंगे। स्थान के नये पते तथा पुराने पते का विवरण, परिवर्तन के प्रभावी दिन के साथ, नोटिस में एनेक्चर-ए के रूप में संलग्न है। ग्राहकों से अनुरोध है कि अपने टांसजेक्शन के लिये शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें/नये पते पर जाये। और जानकारी के लिये कृपया हमारे पास आयें या निम्न ब्रांच के शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें। शाखा प्रबन्धक का संपर्क नम्बर इस सूचना के साथ संलग्न एनेक्चर-ए में उपलब्ध है। एयू स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड।

**"एनेक्सर-ए"**

| क्र. सं. | शाखा | राज्य | पते में परिवर्तन की प्रभावी तारीख | पुराना पता | नया पता | सम्पर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवगढ़-10532 | राजस्थान | 01 मार्च 2025 | एयू स्माल फायनेन्स बैंक लि., ग्राउन्ड फ्लोर, मारू गेट के बाहरी ओर, जियो डिजिटल लाइफ शाप के बगल में, देवगढ जिला रामसमन्द, राजस्थान-313331 | एयू स्माल फायनेन्स बैंक लि., पहली मंजिल, वार्ड नं. 3, आदर्श टावर, आमेर रोड, तीन बत्ती चौराहा, देवगढ, जिला रामसमन्द, राजस्थान-313331 | 9667000179 |

### कार्यालय ग्राम पंचायत-तिरोल, पं.स.-सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )

क्रमांक : 24-25/15 | दिनांक:- 21.01.2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 15 दिनांक 21.01.2025 द्वारा निम्नलिखित निविदा सूचना द्वारा अनुंबन्ध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सूचना जारी की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | निविदा का विवरण | अनुमानित राशि | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25/15 दिनांक 21.01.2025 | 15.00 लाख | ZUD2425WSOB02216 |
| 2. | 2024-25/15 दिनांक 21.01.2025 | 10.00 लाख | ZUD2425WSOB02217 |
| 3. | 2024-25/15 दिनांक 21.01.2025 | 10.00 लाख | ZUD2425WSOB02218 |

निविदा का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं ग्राम पंचायत-तिरोल, पंचायत समिति-सायरा में कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत-तिरोल | ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-तिरोल

### UCWL UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED

PLATINUM SUPREMO CEMENT | PLATINUM HEAVY DUTY CEMENT

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2024**

(Amount in ₹ Crs.)

| Sl. No. | Particulars | Three Months Ended 31.12.2024 (Unaudited) | Three Months Ended 31.12.2023 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.2024 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 369.34 | 299.60 | 988.27 | 1,163.59 |
| 2 | Profit Before Interest, Depreciation & Taxes (EBITDA) | 60.50 | 60.24 | 128.84 | 196.89 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the Period (before Tax and Exceptional Items) | 5.59 | 25.70 | (33.56) | 75.89 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the Period Before Tax (after Exceptional Items) | 5.59 | 34.59 | (33.56) | 84.78 |
| 5 | Net Profit / (Loss) for the Period After Tax (after Exceptional Items) | 3.87 | 25.26 | (24.74) | 61.41 |
| 6 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 3.54 | 25.14 | (24.85) | 62.88 |
| 7 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of ₹ 4/- per Share) | 224.22 | 224.22 | 224.22 | 224.22 |
| 8 | Other Equity (excld. Revaluation Reserve) | | | | 663.21 |
| 9 | Earnings Per Share (of ₹ 4/- each) (Not Annualised) Basic / Diluted | 0.07 | 0.45 | (0.44) | 1.25 |

**Notes:**

(1) The Board of Directors of the Company, at their Meeting held on 31st July 2024, have approved a Composite Scheme of Amalgamation and Arrangement (The Scheme) which, inter-alia, includes amalgamation of the Company into & with the Holding Company, JK Lakshmi Cement Ltd w.e.f. the Appointed Date of 1st April 2024 subject to the requisite Statutory & Regulatory Approvals, as applicable. The Company has already approached the Regulatory Authorities for the necessary Approvals, which are still awaited. Pending such approvals, the effect of the Scheme has not been given in the above Financial Results.

(2) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 28th January 2025.

(3) The Company does not have any Subsidiary / Associate / Joint Venture Company(ies) as on 31st December 2024.

(4) The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter ended 31st December 2024 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results is available on the websites of stock exchanges at www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on Company's website at https://udaipurcement.com/wp-content/uploads/2025/01/Results.pdf.

Place: New Delhi
Date : 28th January 2025

**(Vinita Singhania)**
**Chairperson**

**Shareholders holding shares in Physical Mode are requested to dematerialise them & complete their KYC.**

**Regd. Office:** Shripati Nagar, CFA, P.O. Dabok, Udaipur-313 022 (Rajasthan)
**Admin Office:** Nehru House, 4, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110 002
**Website:** www.udaipurcement.com, **Email Id:** ucwl.investors@jkmail.com
**Tele/Fax:** 0294-2655076/77, **CIN:** L26943RJ1993PLC007267